Alberta

जारी **खबर**

१८+ लोगों के लिए कोविड-१९ बूस्टर विकल्पों का विस्तार करना

१९ जुलाई, २०२२

कोविड-१९ वैक्सीन की दूसरी बूस्टर खुराक की विस्तारित उपलब्धता अल्बर्टवासियों को उनके व्यक्तिगत जोखिम कारकों के आधार पर कोविड-१९ के खिलाफ अपनी सुरक्षा बढ़ाने के बारे में अधिक विकल्प प्रदान करेगी।

अल्बर्टा निवासी गर्मी के दौरान और पतझड़ और सर्दियों में, बीच बीच में इन्फ्लूएंजा जैसे अन्य श्वसन रोगों के साथ-साथ कोविड-१९ के बढ़े हुए संचरण देखने की उम्मीद कर सकते हैं।

इस समय अल्बर्टा में ओमिक्रोण बी ऐ.५ संस्करण का सबसे ज़्यादा फैलाव है। डेटा से पता चलता है कि यह प्रकार आसानी से फैलता है लेकिन गंभीर जोखिम का संकेत नहीं देता है। दूसरे कोविड-१९ बूस्टर खुराक की उपलब्धता का विस्तार करने से जोखिम वाले अल्बर्टा निवासियों को सामुदायिक फैलाव के दौरान अपनी सुरक्षा बढ़ाने के बारे में अधिक विकल्प मिलेंगे।

२० जुलाई से, १८ वर्ष और उससे अधिक उम्र के अल्बर्टा निवासी अपनी पहली बूस्टर खुराक प्राप्त करने के पांच महीने या उससे अधिक समय के बाद एम्आरएनऐ वैक्सीन की दूसरी बूस्टर खुराक के लिए अपॉइंटमेंट बुक कर सकते हैं। गंभीर परिणामों के उच्च जोखिम वाले लोगों के लिए यह खुराक सबसे अधिक लाभकारी है।

दूसरी बूस्टर खुराक की बुकिंग

२० जुलाई से, १८ वर्ष और उससे अधिक उम्र के अल्बर्टा निवासी पिछली खुराक प्राप्त करने के पांच महीने बाद अपनी दूसरी बूस्टर खुराक के लिए अपॉइंटमेंट बुक कर सकते हैं। अल्बर्टा वैक्सीन बुकिंग सिस्टम का उपयोग करके ऑनलाइन बुक करें या 811 पर कॉल करें। चुनिंदा फ़ार्मेसी वॉक-इन अपॉइंटमेंट स्वीकार करेंगी।

कोविड-१९ संक्रमण होने के बाद कम से कम तीन महीने तक प्रतीक्षा करने के बाद ही बूस्टर खुराक लेने की सिफारिश की जाती है।

जेन्सेन बूस्टर खुराक

अल्बर्टा निवासी जिन्होंने कम से कम दो महीने पहले जेन्सेन की एक खुराक प्राप्त की थी, अब बूस्टर खुराक के लिए पात्र हैं। सीमित आपूर्ति के कारण सिर्फ 811 पर कॉल करके ही अपॉइंटमेंट बुक कर सकते हैं।

https://www.alberta.ca/covid19-vaccine.aspx

प्राथमिक श्रृंखला और बूस्टर खुराक के बारे में अधिक जानकारी के लिए (अल्बर्टा.सीऐ/वैक्सीन) alberta.ca/vaccine पर जाएं। https://www.alberta.ca/covid19-vaccine.aspx

सम्बंधित जानकारी

- कोविड-१९ के टीके और रिकॉर्ड

ALBERTA'S RECOVERY PLAN

Alberta's Recovery Plan is a plan to breathe new life into Alberta's economy and create new opportunities for every Albertan. It's a plan to build, to diversify, and to create jobs.

Classification: Public